सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 152 | इंदौर, मंगलवार 16 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 9 साल की बच्ची से रेप की कोशिश, हत्या

● उज्जैन में पड़ोसी ने बोरी में भरकर मोगरी से पीटा, परिजन से कहा- छत से गिर गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन, एजेंसी। मध्यप्रदेश में उज्जैन के खाचरोद में रेप करने में नाकाम होने पर 9 साल की बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मासूम रविवार को नानी के घर आई थी। पड़ोस में ही रहने वाले शख्स ने पहले दुष्कर्म करने की कोशिश की। चिल्लाने पर उसने बच्ची को बोरी में बंद कर दिया। फिर मोगरी से लगातार वार किए। गंभीर हालत में बच्ची को रतलाम के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई।

### बच्ची के छत से गिरने का बहाना बनाया

खाचरोद पुलिस ने बताया कि बच्ची रविवार को स्कूल की छुट्टी होने के कारण अपनी दो बड़ी बहनों के साथ नानी के घर आई थी। नानी और बड़ी बहनें रविवार दोपहर को छत पर बैठी थीं। बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। काफी देर तक बच्ची घर नहीं आई तो नानी ने उसकी बहन को भेजा लेकिन वह कहीं नहीं दिखी। शाम करीब 5.45 बजे पड़ोस में रहने वाला रियाज खान अपने घर के अंदर से बेहोश बच्ची को उठाकर लाया। कहा- लड़की ऊपर से गिर गई है। बच्ची का मुंह सूजा था। सिर, नाक, आंख पर चोट लगी थी। खून निकल रहा था। परिजन उसे लेकर खाचरोद अस्पताल पहुंचे। यहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रतलाम रेफर कर दिया गया था।

श्रमिक परिवारों को बड़ा सहारा

# आज सीएम एक क्लिक में 160 करोड़ की देंगे सहायता राशि, होगी कैबिनेट बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। असंगठित क्षेत्र के श्रमिक परिवारों के लिए आज राहत भरा दिन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज संबल योजना के तहत एक क्लिक में 160 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता राशि सीधे हितग्राहियों के खातों में अंतरित करेंगे। यह राशि 7,227 प्रकरणों में वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री दोपहर 1 बजे भोपाल के वल्लभ भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगे। इससे पहले सुबह 11 बजे कैबिनेट बैठक होगी।



### सामाजिक सुरक्षा की मजबूत व्यवस्था

मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा की मजबूत व्यवस्था है। योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपये, स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये और आंशिक स्थायी अपंगता की स्थिति में 1 लाख रुपये की सहायता दी जाती है। इसके अलावा अंत्येष्टि के लिए 5 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी प्रदान की जाती है। महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपये दिए जाते हैं, जबकि श्रमिकों के बच्चों की उच्च शिक्षा का पूरा शिक्षण शुल्क राज्य सरकार वहन करती है।

### होगी कैबिनेट बैठक

इससे पहले आज सुबह 10:40 बजे मुख्यमंत्री मंत्रालय पहुंचेंगे और सुबह 11 बजे होने वाली कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में प्रदेश के विकास और जनकल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर अहम फैसले लिए जाने की संभावना है, जिनका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा।

# मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड के साथ घने कोहरे का डबल अटैक, आज 22 जिलों में अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में तेज ठंड और शीतलहर के बीच अब घना कोहरा भी लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। प्रदेश के करीब आधे हिस्से में कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। मंगलवार को 22 जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। इनमें ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के 12 जिलों में दृश्यता घटकर महज 50 मीटर तक रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार सुबह ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज और सीधी में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट है। इन इलाकों में हालात ऐसे रहेंगे कि कुछ ही दूरी पर देख पाना मुश्किल होगा।वहीं, भोपाल, विदिशा, सागर, दमोह, जबलपुर, कटनी, मैहर, उमरिया, शहडोल और सिंगरौली में येलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां कोहरे के कारण 1 से 2 किलोमीटर तक ही विजिबिलिटी रहने का अनुमान है।

### पूरे दिन छाया रहा कोहरा

सोमवार सुबह रीवा और मुरैना-रायसेन क्षेत्र में घना कोहरा रहा, जहां 50 मीटर के आगे कुछ नजर नहीं आया। भोपाल में दृश्यता 500 से 1000 मीटर के बीच रही। स्थिति ऐसी थी कि दोपहर में भी 2 से ढाई किलोमीटर दूर तक देख पाना कठिन था। मौसम विभाग के मुताबिक, ठंड के इस सीजन की यह पहली सुबह रही, जब प्रदेश में व्यापक स्तर पर घना कोहरा छाया। रीवा में कोहरे का सबसे ज्यादा असर दर्ज किया गया। खजुराहो में 50 से 200 मीटर, भोपाल, ग्वालियर, दतिया और सीधी में 500 से 1000 मीटर, जबकि इंदौर, नर्मदापुरम, सागर, रतलाम, दमोह और मंडला में 1 से 2 हजार मीटर तक दृश्यता रही।

### तापमान में तेज गिरावट, पचमढ़ी और राजगढ़ सबसे ठंडे

कोहरे के साथ तापमान में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई। रविवार-सोमवार की रात भोपाल में न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री, इंदौर में 6.6, ग्वालियर में 9.1, उज्जैन में 9.3 और जबलपुर में 9.4 डिग्री रहा। प्रदेश में पचमढ़ी और राजगढ़ सबसे ठंडे रहे, जहां पारा 5.4 डिग्री दर्ज किया गया।

# सोनिया गांधी और राहुल को बड़ी राहत

● नेशनल हेराल्ड केस में ईडी चार्जशीट पर संज्ञान लेने से कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, (एजेंसी) नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के लिए अहम कानूनी जीत के तौर पर देखा जा रहा है। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि मनी लॉन्ड्रिंग की जांच और उससे जुड़ी अभियोजन प्रक्रिया तब तक वैध नहीं मानी जा सकती, जब तक कि अपराध में विधिवत एफआईआर दर्ज न हो। कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के प्रावधानों के तहत ईडी को जांच शुरू करने से पहले संबंधित अपराध में एफआईआर का होना अनिवार्य है।



सूरत, मुंबई, और विशाखापट्टनम का करेंगे दौरा

# स्वच्छता की सीख लेने निकले इंदौर नगर निगम के कर्मचारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता में इंदौर को टक्कर दे रहे सूरत, मुंबई और विशाखापट्टनम की व्यवस्थाओं को करीब से देखने के लिए नगर निगम की टीमें दौरे पर जा रही हैं। नगर निगम के अधिकारी, एमआईसी मेंबर और पार्षद मिलकर इन शहरों में किए गए स्वच्छता नवाचारों का अध्ययन करेंगे।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि शुक्रवार को 17 सदस्यों का दल मुंबई और सूरत के लिए रवाना होगा। इस दल में पार्षदों के साथ एमआईसी मेंबर भी शामिल रहेंगे। वहीं, 6 जनवरी को 27 सदस्यों की एक अलग टीम विशाखापट्टनम का दौरा करेगी। महापौर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में इन तीनों शहरों से इंदौर को कड़ी चुनौती मिल रही है। सूरत, मुंबई और विशाखापट्टनम ने स्वच्छता के क्षेत्र में कई नए प्रयोग किए हैं, जिनसे शहरों की तस्वीर बदली है। इन्हीं बेहतर व्यवस्थाओं को समझने और इंदौर में




लागू करने की संभावनाओं को देखने के लिए यह दौरा किया जा रहा है। सूरत जाने वाले दल की अगुआई एमआईसी सदस्य राजेश उदावत करेंगे। महापौर ने कहा कि यह दौरा सिर्फ सीखने का नहीं होगा, बल्कि इंदौर के स्वच्छता मॉडल को भी वहां प्रस्तुत किया जाएगा। वहां के जनप्रतिनिधि भी इंदौर से सीखने में रुचि दिखा सकते हैं। नगर निगम की टीमें इन शहरों में अलग-अलग जगहों पर जाकर सफाई व्यवस्था, प्लानिंग और प्रबंधन को देखेंगी। इसके बाद एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी, ताकि उपयोगी व्यवस्थाओं को इंदौर में लागू किया जा सके। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि शहर में बीआरटीएस हटाने का काम तेजी से चल रहा है। इस रूट पर रोड मीडियन, एलिवेटेड कॉरिडोर और नए बस स्टॉप प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 19 तारीख को होने वाली बैठक में यह तय किया जाएगा कि किस जगह क्या निर्माण होगा और आगे की प्लानिंग कैसे की जाएगी।

### इंदौर में औद्योगिक सुरक्षा को लेकर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने ली महत्वपूर्ण बैठक

# औद्योगिक इकाइयों को 15 दिन में अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट कराने के दिये निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों के सुदृढ़ पालन और दुर्घटनाओं की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर कार्यालय इंदौर में आज सोमवार को कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जोनल सेफ्टी काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों को और मजबूत बनाने हेतु कई अहम निर्देश जारी किए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, उप संचालक औद्योगिक सुरक्षा श्री हर्ष चतुर्वेदी, जिला प्रशासन के अधिकारी, औद्योगिक सुरक्षा अधिकारी, नगर निगम की फायर टीम के अधिकारी तथा मेजर हैजर्ड श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों के संचालक उपस्थित रहे।



कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी खतरनाक (Hazardous) कारखानों का निरीक्षण विशेष दल बनाकर किया जाएगा, ताकि सुरक्षा प्रावधानों का वास्तविक मूल्यांकन हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि कारखानों में सुरक्षा संबंधी जानकारी और मानकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे कर्मचारियों और प्रबंधन को सुरक्षा नियमों के प्रति और अधिक जागरूक किया जा सके। इसके अलावा, विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में मॉकड्रिल आयोजित कराने के निर्देश भी दिए गए, ताकि आपदा जैसी परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर श्री वर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि जहाँ सुरक्षा उपायों में कमी पाई जाएगी, वहाँ कारखानों को सुधार के लिए समय दिया जाएगा। निर्धारित समय-सीमा में कमियाँ दूर न करने पर संबंधित कारखानों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक का उद्देश्य औद्योगिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले में एक सुरक्षित और उत्तरदायी कार्य वातावरण सुनिश्चित करना रहा।

बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिये कि सभी औद्योगिक इकाइयों को 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से सुरक्षा ऑडिट कराना होगा। सुरक्षा मानकों एवं मापदंडों का पालन न करने वाली इकाइयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के लिए संयुक्त दल गठित किए जाएंगे, जो सभी इकाइयों का फील्ड इंस्पेक्शन कर सुरक्षा उपायों का परीक्षण करेंगे। घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए रिस्पांस दल (Response Teams) भी बनाए जाएंगे। जिले की सभी औद्योगिक इकाइयों के लिए सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शक निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जिनका पालन अनिवार्य होगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि हाल ही में विभिन्न स्थानों से स्प्रेड पॉइंट और अन्य सुरक्षा संबंधित कमियां सामने आई हैं, जिससे कई दुर्घटनाएं भी हुई हैं।

इसी संदर्भ में प्रशासन द्वारा अनसेफ मानी गई फैक्ट्रियों को सील किया जा रहा है। सुरक्षा मानकों का बार-बार उल्लंघन करने वाली इकाइयों को बंद करने की कार्रवाई जारी है। कई इकाइयों को सुधार के लिए अवसर भी दिए गए, ताकि वे फायर सेफ्टी, इमरजेंसी मैनेजमेंट और केमिकल हैंडलिंग की मानक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर सकें।

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों के लिए ट्रेनिंग और मॉकड्रिल की योजना भी है। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर एक सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए अवेयरनेस और ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। कर्मचारियों को आकस्मिक स्थिति में सही प्रतिक्रिया देने के लिए मॉकड्रिल कराई जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर कर्मचारी को सुरक्षा प्रोटोकॉल की पूरी जानकारी हो। अपर कलेक्टर (ADM) स्तर पर सभी कार्रवाई की निगरानी की जाएगी। हर टीएल बैठक में समीक्षा होगी कि किन-किन उद्योगों ने सुरक्षा ऑडिट करवाया और मानकों का पालन सुनिश्चित किया है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि मानव जीवन सबसे महत्वपूर्ण है। उसकी सुरक्षा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा मानकों में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जिले की सभी औद्योगिक इकाइयों में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। इसी क्रम में फायर सेफ्टी को लेकर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक का उल्लेख करते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि शहर में सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के लिए नई टीमें गठित कर पुनः व्यापक जांच अभियान शुरू किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को पहले ही खत्म किया जा सके।

## मासूम अनिका के लिए इंदौर के राजबाड़ा पर जुटे लोग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** दुर्लभ बीमारी एसएमए (स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी) टाइप-2 से जूझ रही इंदौर की ढाई साल की मासूम अनिका का आज जन्मदिन है। इस मौके पर मासूम अनिका को उसके माता-पिता गोद में लेकर मां अहिल्या की प्रतिमा तक पहुंचे और उसके तीसरे जन्मदिन पर मदद और स्वस्थ होने का आशीर्वाद मांगा। राजबाड़ा चौराहे पर ही अनिका ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया।

मासूम अनिका के माता-पिता ने केक काटकर उसका जन्मदिन मनाने के साथ लोगों से मदद की अपील की। इस दौरान मां सरिता केक काटने के दौरान रोने लगी। लोगों द्वारा मदद का सिलसिला शुरू हो गया। आसपास से गुजर रहे लोगों ने 100 से लेकर 500 तक की मदद की। इस दौरान 60 फीट व्यापारी एसोसिएशन द्वारा 53000 नगद के रूप में मदद की गई। यह राशि व्यापारियों ने दो दिन में एकत्र की थी। इसी तरह बीपी चाइल्ड पब्लिक स्कूल द्वारा एक बंद बॉक्स में राशि एकत्र कर दी गई। आसपास के फुटकर विक्रेताओं ने केक लाकर उसका जन्मदिन मनाया और खिलौने गिफ्ट दिए। इसके अलावा नेताओं, राजनेताओं और शहरवासियों ने अनिका के लिए मदद की अपील भी की है। शाम साढ़े 4 बजे राजबाड़ा पर लोगों का जुटना शुरू हो गया था। इसके बाद मां अहिल्या के प्रतिमा पर अनिका को ले जाया गया। राजबाड़ा में ही ऑटो के द्वारा लाउडस्पीकर के सहारे भी लोगों से आर्थिक मदद की अपील की जा रही है। अनिका के लिए फिल्म एक्टर सोनू सूद और बिग बॉस को आवाज देने वाले प्रवीण सिंह भी अपील कर चुके हैं। वहीं सिंगर पलक मुछाल ने भी अनिका के लिए अपील की है। मासूम को इस बीमारी से बचाने के लिए अमेरिका से 9 करोड़ रुपए का इंजेक्शन मंगवाना जरूरी है। माता-पिता बेटी की जान बचाने के लिए क्राउड फंडिंग के जरिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। अब तक करीब सवा दो करोड़ रुपए जुटाए जा चुके हैं, लेकिन अभी काफी फंड जुटाया जाना है।

### ● इंदौर में खाद्य सामग्री के मिलावटखोरों पर होगी सख्त कार्रवाई

## स्ट्रीट फूड वेंडर्स का होगा प्रशिक्षण, सर्टिफिकेशन और कड़ी निगरानी पर दिया जाएगा ध्यान

### कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता, उचित मानक और पूर्ण रूप से शुद्ध खाद्य सामग्री प्राप्त हो। खाद्य सामग्री में मिलावट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। यह कार्रवाई लगातार अभियान चलाकर की जाए।**



बैठक में अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री मनीष स्वामी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इंदौर जिले में मिलावट के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट कहा कि मिलावटखोरों पर अब तक दर्ज मामलों के साथ-साथ आगे भी सबसे सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि जिले में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण एवं नमूना कार्यवाही की जा रही है, fssai द्वारा प्रदत्त किए गए RBIS निरीक्षण अनुसार हाई रिस्क प्रतिष्ठानों का प्राथमिकता क्रम में निरीक्षण किया जा रहा है। विगत एक जुलाई 2025 से अब तक कुल 576 निरीक्षण किये गए तथा कुल 1392 नमूने जाँच हेतु लिए गए। दूध एवं दुग्ध उत्पाद के कुल 236 नमूने लिए गए है। बताया गया कि संबंधित आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए हैं। नमूनों के विश्लेषण की प्रक्रिया जारी है। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि इंदौर भोजन और स्ट्रीट फूड संस्कृति के लिए प्रसिद्ध शहर है, इसलिए आवश्यक है कि हर स्थान पर उपभोक्ताओं को उचित मानक और उच्च गुणवत्ता वाला खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जाए। इसी उद्देश्य से जिले में कार्रवाई के साथ-साथ अवेयरनेस गतिविधियों पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए कि फूड सेफ्टी के मानकों की जानकारी सभी स्ट्रीट फूड वेंडर्स तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि शहर के हर स्ट्रीट वेंडर को उचित गुणवत्ता बनाए रखने हेतु ट्रेनिंग, जागरूकता कार्यक्रमों और सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा।

बैठक में यह भी बताया गया कि मिलावट के मामलों में कई स्थानों पर एफआईआर दर्ज की गई है और भविष्य में भी निरंतर निगरानी तथा कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिले की अगली कार्ययोजना में स्ट्रीट वेंडर्स की क्षमता वृद्धि और उपभोक्ताओं की सुरक्षा सर्वोपरि रहेगी।

बैठक में बताया गया कि ईट राइट चैलेंज-4 डैशबोर्ड की वर्तमान स्थिति के अनुसार इंदौर पूरे देश मे प्रथम स्थान पर है। इसके पूर्व भी ईट राइट चैलेंज-1 एवं ईट राइट चैलेंज-3 में भी इंदौर पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा है।

### कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों के निराकरण (टीएल) की बैठक संपन्न

# सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में लापरवाही मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के लेखापाल को शोकाज नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज इंदौर कलेक्टर कार्यालय में समय सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण और अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर आमजन को मिले और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का सुचारू निराकरण हो, यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी इस दिशा में पूर्ण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ तेजी से कार्य करें।**



बैठक में अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय तथा श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की विभागीयवार समीक्षा की। उन्होंने रैण्डम रूप से लंबित प्रकरणों के आवेदकों से रूबरू चर्चा कर उनका निराकरण सुनिश्चित किया। उन्होंने आवेदक श्री रितेश मोरे से चर्चा की। श्री मोरे ने बताया कि उनकी बहन का निधन हो गया है, वह स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारी थी। लंबे समय से उनके बकाये का भुगतान स्वास्थ्य विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। बताया गया कि कुछ औपचारिकताएं शेष रहने से भुगतान नहीं हुआ है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि औपचारिकताएं पूर्ण कराना हमारा दायित्व है। प्रकरण में लापरवाही मिलने पर लेखापाल को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि अगले सात दिन में औपचारिकताएं पूर्ण कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसी तरह उन्होंने तीन अन्य प्रकरणों की भी समीक्षा कर अगले सात दिवस में निराकरण सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी विभागों को चेताया कि जो विभाग शिकायतों के समाधान में पीछे हैं, वे तत्काल सुधार लाएँ। उन्होंने बताया कि समय-सीमा से पुराने प्रकरणों का रैंडम चयन कर शिकायतकर्ताओं से सीधे बात की जा रही है, और विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को बिना परेशानी समय पर समाधान मिले, यह हमारी निरंतर मॉनिटरिंग का हिस्सा है। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर श्री वर्मा ने एसआईआर (Special Intensive Revision) की प्रगति पर चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया अभी समाप्ति की ओर नहीं है, दावा-आपत्ति की विस्तृत सुनवाई शेष है। इस कार्य के चलते उन्होंने सभी एसडीएम एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने मूल राजस्व कार्यों में भी किसी प्रकार का विलंब न होने दें और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करें।

## बायपास पर चलते कंटेनर से सामान चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसूड़िया में बदमाशों ने बायपास पर चलते कंटेनर का गेट खोलकर उससे माल चुरा लिया। गेट से कनेक्टेड जीपीएस सिस्टम में जब एरर आया तो कंपनी की तरफ से ड्राइवर को कॉल किया गया। उसने कंटेनर रोका तो पीछे गेट का लॉक टूटा हुआ मिला।

### सामान चेक करने पर 10 बोरे कम मिले

पुलिस के मुताबिक यूपी के कुशीनगर छपरा निवासी चंदन यादव की शिकायत पर FIR की गई है। चंदन ऑनलाइन डिलीवरी का काम करता है। वह देशभर के शहरों में कंटेनर से सामान लेकर जाता है। उसे इंदौर से महाराष्ट्र के धुले के लिए शनिवार को माल लेकर जाना था। सुबह 5 बजे जब कंटेनर लेकर फीनिक्स टाउनशिप से कारोबार होटल के यहां रास्ते में था। तभी कंपनी के हेड ऑफिस से कॉल आया। जिसमें बताया कि कंटेनर का जीपीएस कट गया है। तब गाड़ी रोककर पीछे जाकर चेक किया तो गेट का लॉक टूटा मिला। वापस गाड़ी लेकर कंपनी में गए। यहां सामान चेक करने पर करीब 10 बोरे कम मिले हैं। पुलिस को शंका है कि कंजर गिरोह ने वारदात को अंजाम दिया है। दूसरी ओर, लसूड़िया थाने के गोयल नगर स्कीम नंबर 140 के यहां पर सचिन माहेश्वरी की पान की दुकान में बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। सचिन ने बताया कि शनिवार रात 12 बजे वह दुकान बंद कर घर गए थे। बदमाशों ने ताला तोड़कर दुकान में रखा पूरा सामान पर हाथ साफ कर दिया। आरोपी गल्ले में रखी रुपए भी अपने साथ ले गए। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## हाईटेंशन लाइन से झुलसे बच्चे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लकड़ी मंडी इलाके में रविवार सुबह एक 8 साल का बच्चा पतंग लूटने के दौरान हाईटेंशन लाइन से झुलस गया था। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल के बाद एमवाय ले जाया गया। जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद परिवार शव को लेकर अपने गांव चले गया। छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक घटना लकड़ी मंडी की है। बच्चे गुड़िया को रहवासी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वह करीब 50 प्रतिशत जल गया था। उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। गुड़िया के पिता करण सिंह लकड़ी मंडी में मजदूरी का काम करते हैं। परिवार टाडा इलाके का रहने वाला है। परिवार में गुड़िया का एक भाई और है। हादसे को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

## ट्रेवल्स बस से 90 पेटी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर थाना पुलिस ने एबी रोड पर रविवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एक निजी ट्रेवल्स बस से करीब 90 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 7.50 से 8 लाख रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने बस के ड्राइवर और कंडक्टर को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**



थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल के मुताबिक बंगाली चौराहे से रेडिसन की ओर जा रही सलूजा ट्रेवल्स की बस क्रमांक MP09AQ1300 को चेकिंग के दौरान रोका गया। तलाशी लेने पर बस के अंदर अंग्रेजी शराब की पेटियां रखी मिलीं। कुल 90 पेटी शराब जब्त की गई हैं। पुलिस ने बस में सवार आशीम पुत्र शाहिद खान निवासी मेवातीपुरा जिला धार और सलमान पुत्र शहजाद खान निवासी खातेगांव-कन्नोद रोड को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बस के ड्राइवर और कंडक्टर बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार यह बस इंदौर से अहमदाबाद जा रही थी और शराब की डिलीवरी भी अहमदाबाद में ही होना थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि डिपो से बस में माल लोड किया जाता है और उन्हें शराब की जानकारी नहीं थी। फिलहाल पुलिस आबकारी विभाग की मदद से बैच नंबर के आधार पर शराब की जानकारी जुटा रही है। प्रारंभिक जांच में शराब इंदौर के किसी बड़े ठेकेदार की बताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने अभी नाम का खुलासा नहीं किया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इंदौर से गुजरात शराब भेजने वाले इस सिंडिकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## इंडिगो के बाद एयर इंडिया की दिल्ली फ्लाइट भी रद्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देवी अहिल्या बाई होलकर एयरपोर्ट पर यात्रियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। पहले इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से लोग दूसरी एयरलाइंस का रुख कर रहे थे, लेकिन अब एयर इंडिया ने भी यात्रियों को झटका दे दिया। सोमवार सुबह दिल्ली–इंदौर–दिल्ली रूट की एयर इंडिया फ्लाइट को कई बार समय बदलने के बाद आखिरकार रद्द कर दिया गया। इससे बड़ी संख्या में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर विरोध भी जताया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एयर इंडिया की यह फ्लाइट सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर दिल्ली से इंदौर आती है और 8 बजे वापस दिल्ली जाती है। आज सुबह यात्रियों को पहले मैसेज मिला कि फ्लाइट 9 बजे जाएगी। इसके बाद 10 बजे और फिर 11 बजे का समय बताया गया। करीब 9 बजे अचानक मैसेज आया कि फ्लाइट रद्द कर दी गई है। उधर, इंडिगो की उड़ानों को लेकर राहत की खबर है। 1 दिसंबर से जारी उड़ान रद्द होने का सिलसिला अब थमता नजर आ रहा है। सोमवार को इंडिगो की सिर्फ दो उड़ानें रद्द हुईं। इनमें दिल्ली–इंदौर–दिल्ली की सुबह की एक फ्लाइट शामिल है। बाकी उड़ानों का संचालन सामान्य बताया गया है। उम्मीद की जा रही है कि अगले एक-दो दिनों में हालात पूरी तरह सामान्य हो जाएंगे।

## शादीशुदा महिला ने प्रेमी पर लगाया रेप का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर में रहने वाली एक 23 वर्षीय शादीशुदा महिला ने अपने प्रेमी के खिलाफ बलात्कार, मारपीट और सिगरेट से दागने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 23 वर्षीय महिला रविवार को अपने पति के साथ थाने पहुंची और एकांश उर्फ तरुण, पिता जितेंद्र लुनियार, निवासी आशियाना पैलेस के खिलाफ बलात्कार सहित गंभीर धाराओं में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि आरोपी एकांश पहले पीड़िता के घर के पास ही रहता था और उसके पति का दोस्त था। इसी कारण दोनों की पहचान हुई थी। आरोपी ने एक-दो बार पीड़िता से कहा था कि वह उसे पसंद करता है और उससे बात करना चाहता है, लेकिन पीड़िता ने इसका विरोध किया। फरवरी 2025 में आरोपी ने पीड़िता को अपने कमरे पर बुलाया और शादी की बात करते हुए जबरदस्ती की। इसके बाद जब भी पीड़िता का पति काम पर जाता, आरोपी घर आकर उसके साथ कई बार संबंध बनाता रहा। आरोपी की बातों में आकर पीड़िता 26 अप्रैल 2025 को घर से भाग गई, इस दौरान वह घर से दो लाख रुपए नकद और कुछ जेवर भी ले गई। इसके बाद आरोपी उसे पहले पीथमपुर ले गया, जहां किराए पर कमरा लिया। कुछ समय बाद वह उसे सावरिया सेठ (राजस्थान) और फिर सीहोर ले जाकर रखने लगा। इस दौरान आरोपी ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसके सारे जेवर व नकदी खर्च कर दिए। जब पीड़िता ने आरोपी से अपने बच्चों के पास जाने की बात कही तो उसने कहा कि यदि शादी करनी है तो अकेले रहना पड़ेगा। इसके बाद आरोपी का व्यवहार बदल गया और वह मारपीट करने लगा। उसने एक-दो बार पीड़िता को सिगरेट से दागा और धमकी दी कि यदि वह घर जाने की जिद करेगी तो उसे जान से मार देगा। पीड़िता डर के साए में रहने लगी।

# नक्सल-मुक्त मध्यप्रदेश, अब विकास को मिलेगी नई रफ्तार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## केंद्र की तय डेडलाइन से पहले ही मध्यप्रदेश की भूमि से नक्सलियों का हुआ सफाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने लगभग 35 साल नक्सलवाद का दंश झेला। यह एक बड़ी चुनौती थी, पर राज्य सरकार की पुनर्वास नीति और नक्सल विरोधी अभियान में शामिल जवानों की प्रतिबद्धता से 11 दिसंबर 2025 को नक्सलवाद प्रदेश के नक्शे से पूरी तरह मिटा दिया गया। यह दिन प्रदेश में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में लिखा जाएगा।**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश की धरती से नक्सलवाद को समूल खत्म करना हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। नक्सलवाद और लाल आतंक देश के हर हिस्से में विकास आधारित गतिविधियों में बाधक



था। इससे आम नागरिकों में इसके कारण भय का माहौल होता था। ऐसे में नक्सलियों और नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही। पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों ने बालाघाट में अंतिम दो नक्सलियों का आत्मसमर्पण कराया और मध्यप्रदेश ने लाल सलाम को आखिरी सलाम कर दिया। अब इससे प्रभावित क्षेत्रों में विकास को एक नई दिशा और एक नई रफ्तार मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में विकास को गति देने के लिए मध्यप्रदेश में दशकों से चली आ रही नक्सलवाद की समस्या से खत्म करना अति आवश्यक था। मध्यप्रदेश ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह द्वारा देश से नक्सलवाद के खात्मे के लिए तय डेडलाइन से करीब साढ़े तीन महीने पहले ही यह ऐतिहासिल उपलब्धि हासिल कर ली है। नक्सलवादियों के एमएमसी जोन (महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) में 42 दिन में 42 नक्सलवादियों ने समर्पण कर विकास की धारा से जुड़ना स्वीकार किया है। वहीं, प्रदेश में वर्ष 2025 में 10 हार्डकोर माओवादियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस सफलता का श्रेय राज्य के बहादुर पुलिस अधिकारी और केंद्रीय सुरक्षाबलों को दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों के पुनर्वास के लिए विशेष योजना बनाई है। साथ ही प्रदेश में अब एक ऐसा तंत्र भी विकसित किया जाएगा, जिससे दोबारा मध्यप्रदेश की धरती पर नक्सलवादी या अन्य अतिवादी मूवमेंट खड़े न हो पाएं। इसके लिए सभी पड़ोसी राज्यों के साथ भी जरूरी समन्वय किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में वर्ष 1988-90 से नक्सली गतिविधियों की शुरुआत हुई थी। नक्सलियों ने आम नागरिकों को डरा-धमकाकर परेशान किया और सरकार के विकास कार्यों में भी रुकावटें डालीं। नक्सली पुलिस की बसों को भी आग के हवाले कर देते थे। नक्सलियों ने विपक्षी दल की सरकार में मंत्री रहे श्री लिखीराम कावरे की बालाघाट जिले में उनके घर से निकालकर सरेआम हत्या कर दी थी। प्रदेश में 35 सालों के लंबे समय तक नक्सलियों से संघर्ष जारी रहा, जिसमें कई आम नागरिक और पुलिस व सुरक्षाबलों के जवानों को अपने प्राण गंवाने पड़े।

## वकील ने लगाई फांसी, लिखा- प्रेम में मुक्ति नहीं मृत्यु



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर में सोमवार को एक वकील ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 30 दिसंबर को उसकी शादी मुरैना में पदस्थ एक महिला सब-इंस्पेक्टर से होने वाली थी। वह उससे मिलने गया था, जहां उसने प्रेमिका को अपने कमरे में एक अन्य आरक्षक के साथ देखा। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और हाथापाई भी हुई। वकील ने सुसाइड से पहले जो स्टेटस लिखा था, वह हाल ही में आई एक्टर धनुष और कृति सेनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' का चर्चित डॉयलाग 'प्रेम में मृत्यु है, लेकिन मुक्ति नहीं' है। इस स्टेटस पर प्रेमिका की ओर से 'ब्लेस' कमेंट भी किया गया था। परिजनों का आरोप है कि प्यार में धोखा मिलने और मानसिक दबाव के कारण उसने यह कदम उठाया। मृतक की पहचान मृत्युंजय चौहान के रूप में हुई है, जो ग्वालियर के आदर्श पुरम में किराए के मकान में रहता था। वह वकालत के साथ-साथ पीएचडी भी कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मामले की जांच जारी है।

## SDM पर रेत माफिया का हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड, एजेंसी।** भिंड में सोमवार सुबह मिहोना बायपास पर एसडीएम की गाड़ी को रेत माफिया के ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। एसडीएम विजय सिंह यादव अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने पहुंचे थे। गनीमत रही कि इस दौरान किसी को चोट नहीं आई। एसडीएम की गाड़ी को आगे से नुकसान हुआ है। पुलिस ने मौके से रेत से भरी दो ट्रॉलियां जब्त की हैं।जानकारी के मुताबिक, लहार एसडीएम विजय सिंह यादव को अवैध रेत परिवहन की सूचना मिली थी। वे सुबह करीब 10.30 बजे मिहोना बायपास पहुंचे। वहां रेत से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉली बिना रॉयल्टी और ओवरलोड मिलीं। एसडीएम ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो एक ड्राइवर ने कार्रवाई से बचने के लिए जानबूझकर एसडीएम की गाड़ी में ट्रैक्टर घुसा दिया। टक्कर से अफसर की गाड़ी को नुकसान पहुंचा है।

## इतना बड़ा सिर कि हेलमेट नहीं फंसता



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** ट्रैफिक पुलिसकर्मी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर विवेकानंद तिवारी का एक वीडियो इन दिनों खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में, वह एक ऐसे व्यक्ति को रोकते हैं जिसका सिर इतना बड़ा है कि हेलमेट उसमें फिट नहीं आता। यह अनोखा मामला सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के विवेकानंद के अनूठे अंदाज को दिखाता है।

विवेकानंद तिवारी, जो सोशल मीडिया पर लाखों लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हैं, ने एक बार फिर अपने खास अंदाज से लोगों का ध्यान खींचा है। सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने वाले इस वीडियो में, वह एक ऐसे व्यक्ति को रोकते हैं जो बिना हेलमेट के बाइक चला रहा था। जब विवेकानंद ने उस व्यक्ति से हेलमेट न पहनने का कारण पूछा, तो उसने जवाब दिया, 'साहब, मेरा सर इतना बड़ा है कि हेलमेट आता ही नहीं।' पहले तो यह बात मजाक लगी, लेकिन विवेकानंद ने इसे परखने का फैसला किया। उन्होंने तुरंत एक सामान्य हेलमेट मंगवाया और उस व्यक्ति को पहनने के लिए कहा। जो नज़ारा सामने आया, वह वाकई चौंकाने वाला था। हेलमेट उस व्यक्ति के सिर में फिट नहीं हुआ। यह देखकर वहां मौजूद लोग भी हैरान रह गए। विवेकानंद ने इस मजेदार स्थिति को भी सड़क सुरक्षा के संदेश में बदल दिया। उन्होंने हेलमेट बनाने वाली कंपनियों से अपील की कि वे ऐसे लोगों के लिए भी बड़े साइज के हेलमेट बनाएं, ताकि कोई भी बिना हेलमेट के बाइक चलाने का बहाना न बना सके और सभी सुरक्षित रहें।

## चार बच्चों के साथ घर से गायब हुई महिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा,एजेंसी।** इंदौर की एक महिला बिना बताए अपने घर से चार बच्चों को लेकर ओंकारेश्वर घूमने आ गई। महिला तीन दिन से लापता है, रविवार को उसके दो बच्चों को मोरटक्का स्थित नर्मदा पुल पर देखा गया। कुछ देर पहले ही उन बच्चों ने मां और अपने भाई-बहनों के साथ एक होटल में भोजन किया था। लावारिस मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची और उन्हें चौकी लेकर आई। वहीं सोमवार को एक बच्चे का शव नदी में मिला। यह शव उसी महिला का है इसकी पुष्टी पुलिस ने की है। डेढ़ साल की लड़की और 6 साल के लड़के को देखकर पुलिस भी हैरत में पड़ गई। उनके परिजन को ढूंढना पुलिस के लिए मुश्किल हो रहा था। इसी बीच पुलिस कांस्टेबल चेतनसिंह चौहान ने 6 साल के बच्चे से पूछा कि कहां रहते हो, किसके साथ आए थे। बच्चे ने बताया कि, वो इंदौर में रहते हैं और उनकी मां उन्हें लेकर आई थी। मां अपने साथ दो भाईयों को ले गई और हमें यही छोड़ गई। वो कहां गई है, यह हमें भी नहीं मालूम।

## स्नान-पूजा कर भोजन बनाने कहा, तो थाने पहुंची बहू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भारतीय परिवारों में धार्मिक और सामाजिक परंपराएं लंबे समय से पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही हैं। ये परंपराएं घर की दिनचर्या, खान-पान और आचरण तय करती रही हैं। लेकिन बदलते समय और नई सोच के साथ कई घरों में ये परंपराएं टकराव का कारण बन रही हैं। पिछले महीने महिला थाने में एक ऐसा ही मामला दर्ज किया गया। शिक्षित बहू मालती (बदला हुआ नाम) ने अपनी सास और पति के खिलाफ मानसिक उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई। मालती राय ने आरोप लगाया कि उनकी सास उन्हें रोजाना स्नान और पूजा करने के बाद ही रसोई में जाने और भोजन पकाने के लिए दबाव डालती थीं। बहू का कहना है कि वह कामकाजी हैं और बदलती जीवनशैली के अनुसार घर के काम करना चाहती हैं, लेकिन परंपराओं के नाम पर उन पर लगातार मानसिक दबाव डाला जा रहा था। महिला थाना और वन स्टॉप सेंटर में ऐसे पारिवारिक विवादों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शिकायतों में पूजा-पाठ, पहनावा, रसोई के नियम, कामकाज के तरीके और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को लेकर मतभेद सामने आते हैं। बदलती सोच और पारंपरिक अपेक्षाओं के बीच टकराव से उपजे ये विवाद मानसिक उत्पीड़न की शिकायतों का रूप ले रहे हैं। इस तरह के मामलों में दोनों पक्ष खुद को सही मानते हैं और एक-दूसरे की भावनाओं को समझने को तैयार नहीं होते।

### दिग्विजय बोले-

## अमित शाह कभी आरएसएस में नहीं रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। राज्यसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ ही चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला।**

दिग्विजय ने कहा मेरे भी कई मित्र आरएसएस में हैं। मैंने पता लगाया और उनसे जानकारी ली। पूछा- अमित शाह कभी आरएसएस में रहे या नहीं? सब ने कहा कि कभी आरएसएस में रहे ही नहीं। दिग्विजय सिंह ने राज्यसभा में अपना भाषण समाप्त करने से ठीक पहले कहा-



पहली बात तो यह है कि आरएसएस एनजीओ पंजीकृत है या नहीं है? नहीं है तो प्रधानमंत्री जी लाल किले से कहते हैं विश्व का सबसे ज्यादा लोकप्रिय एनजीओ आरएसएस है। उस पर कोई कानून लागू नहीं होता, क्योंकि पंजीकृत नहीं है, ना तो उसकी सदस्यता है। दिग्विजय सिंह ने कहा- यह तो वही बात हो गई ना, खाता ना बही, जो मोदी जी कहें वही सही। अमित शाह कहें वही सही। दिग्विजय ने कहा उनकी(RSS) गुरु दक्षिणा करोड़ों रुपए में आती है। दिग्विजय ने घनश्याम तिवारी (बीजेपी सांसद की तरफ देखकर कहा) आप बताइए आप गुरु दक्षिणा देते हैं तो वह किस खाते में जाती है? कभी पूछा आपने? प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि हम गर्व से कहते हैं, नरेंद्र मोदी संघ के प्रचारक रहे हैं और उन्होंने खुद के लिए कहा कि वह भी 10 साल की उम्र से शाखाओं में जाते थे। दिग्विजय ने कहा- मेरे भी कई मित्र लोग आरएसएस में हैं। मैंने पता लगाया और उनसे जानकारी ली कि अमित शाह कभी आरएसएस में रहे या नहीं रहे? सब ने कहा कि कभी आरएसएस में रहे ही नहीं

## संपादकीय

# AI बना उग्रवादी समूहों का डिजिटल हथियार

दुनिया भर में लोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी AI का फायदा उठाने में लगे हैं। इसी बीच उग्रवादी समूह भी इस तकनीक का प्रयोग कर रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के जानकारों और खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि उग्रवादी संगठनों के लिए एआई नए लोग भर्ती करने, फेक तस्वीरें-वीडियो बनाने और साइबर हमलों को और एडवांस बनाने का मजबूत हथियार बन सकता है। इससे खतरे बढ़ सकते हैं। चलिए, जान लेते हैं कि आतंकी संगठनों के लिए एआई कैसे एक नया हथियार बन चुका है? द हिंदू की रिपोर्ट (Ref.) के मुताबिक, नवंबर 2025 में एक आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (IS) की समर्थक वेबसाइट पर एक व्यक्ति ने अंग्रेजी में लिखा कि एआई को अपने काम में शामिल करें। उसने कहा कि एआई की सबसे अच्छी बात यह है कि इसे इस्तेमाल करना बहुत आसान है। उसने आगे लिखा कि कुछ खुफिया एजेंसियां डरती हैं कि एआई से भर्ती आसान हो जाएगी, तो उनके इस डर को हकीकत बना दो। आईएस पहले इराक और सीरिया में इलाका कब्जा कर चुका था, अब यह अलग-अलग उग्रवादी समूहों का गठबंधन है जो हिंसक विचार साझा करते हैं। ये लोग पहले सोशल मीडिया से भर्ती और गलत जानकारी फैलाने में माहिर हो गए थे, इसलिए एआई का प्रयोग करना उनके लिए नया नहीं है। पैसे और संसाधनों की कमी वाले छोटे उग्रवादी समूह या अकेला शख्स भी इंटरनेट कनेक्शन से एआई का इस्तेमाल कर सकता है। इससे वे बड़े पैमाने पर प्रोपेगेंडा या झूठी तस्वीरें-वीडियो बना सकते हैं। साइबर सुरक्षा कंपनी के सीईओ जॉन लालिबर्टे ने कहा कि एआई से किसी भी दुश्मन के लिए काम आसान हो जाता है। छोटा समूह भी बिना ज्यादा पैसे के बड़ा असर डाल सकता है। चैटजीपीटी जैसे प्रोग्राम आने के बाद से उग्रवादी समूह एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। वे असली जैसे फोटो और वीडियो बना रहे हैं। साइट इंटेलिजेंस ग्रुप के रिसर्चर्स के मुताबिक, आईएस ने अपने लीडर्स की ऑडियो रिकॉर्डिंग बनाईं जिनमें कट्टर बातें कही गईं। साथ ही संदेशों को कई भाषाओं में तेजी से अनुवाद करने के लिए एआई का इस्तेमाल किया। ये समूह चीन, रूस या ईरान से पीछे हैं और एआई के बड़े इस्तेमाल को अभी सपना ही मानते हैं। लेकिन सस्ती और मजबूत एआई के फैलने से खतरे बढ़ेंगे। हैकर्स पहले से झूठी ऑडियो-वीडियो से लोगों को धोखा दे रहे हैं। एआई से हमलों का कोड लिखना आसान हो जाता है। सबसे बड़ा डर यह है कि उग्रवादी समूह हथियार बनाने में एआई की मदद ल सकते हैं। इस साल अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग की रिपोर्ट में इस खतरे का जिक्र था। आईएस ने पहले ट्विटर का अच्छा इस्तेमाल किया था। अब ये लोग नई तकनीक ढूंढ रहे हैं। अमेरिकी सांसदों ने कई प्रस्ताव रखे हैं। सीनेटर मार्क वार्नर ने कहा कि एआई बनाने वाली कंपनियों को बुरे लोगों के इस्तेमाल की जानकारी साझा करना आसान बनाना चाहिए। हाल में सुनवाई में पता चला कि आईएस और अल-कायदा ने अपने समर्थकों को एआई सिखाने के लिए ट्रेनिंग भी दी।

## Health is Wealth

# सुपरहेल्दी नारियल पानी इन लोगों के लिए बन सकता है खतरा

## सेहत संबंधी हो सकती हैं समस्याएं



अक्सर नारियल पानी को हेल्दी और हाइड्रेटिंग ड्रिंग के तौर पर देखा जाता है। नारियल पानी हमारे शरीर को इलेक्ट्रोलाइट्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषण देता है। वहीं गर्मियों में यह नेचुरल एनर्जी बूस्टर की तरह काम करता है। हालांकि नारियल पानी हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं होता है। वहीं कुछ विशेष स्वास्थ्य स्थितियों में नारियल पानी का सेवन नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए उन लोगों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको नारियल पानी का सेवन करने से बचना चाहिए।

### किडनी प्रॉब्लम्स होने पर

बता दें कि नारियल पानी में पोटैशियम की मात्रा ज्यादा होती है। किडनी के रोगियों को ज्यादा पोटैशियम हानिकारक हो सकता है। क्योंकि इन लोगों की किडनी इसको सही तरीके से फिल्टर नहीं कर पाती है। जिस कारण हार्ट रिदम बिगड़ सकता है।

### डायबिटीज के मरीज

प्राकृतिक रूप से नारियल पानी मीठा होता है। ऐसे में नारियल पानी का अधिक सेवन ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकता है। खासकर जब यह फ्लेवर्ड या प्रोसेस्ड हो। डायबिटिक मरीजों को सीमित मात्रा में नारियल पानी का सेवन करना चाहिए।

### लो बीपी वाले लोग

नारियल पानी ब्लड प्रेशर को नेचुरली कम करता है। ऐसे में जिन लोगों का बीपी पहले से लो रहता है, अगर वह लोग नारियल पानी का सेवन करते हैं, तो उनको थकान, चक्कर या बेहोशी का समस्या हो सकती है।

### अस्थमा या एलर्जी से वाले व्यक्ति

वहीं कुछ लोगों को नारियल पानी से एलर्जी हो सकती है। इसका सेवन करने से सांस लेने में दिक्कत, स्किन रैशेज या एनाफिलैक्सिस जैसी गंभीर समस्या हो सकती है।

### बार-बार पेशाब की समस्या होना


बता दें कि नारियल पानी एक नेचुरल डाइयूरेटिक है, जोकि बार-बार यूरिन आने की समस्या को अधिक बढ़ा सकता है। जिन लोगों को बार-बार पेशाब आने की परेशानी है। इसलिए इनका सीमित सेवन करना चाहिए।

### सर्जरी कराने वाले मरीजों को

सर्जरी से पहले नारियल पानी का सेवन इलेक्ट्रोलाइट्स के असंतुलन की वजह बन सकता है। इसको एनेस्थीसिया की प्रतिक्रिया पर असर हो सकता है। इसलिए डॉक्टर सर्जरी से कम से कम दो सप्ताह पहले इसका सेवन बंद करने की सलाह देते हैं।

### वजन बढ़ाने की कोशिश कर रहे लोग

नारियल पानी काफी कम कैलोरी वाला होता है। ऐसे में कोई वेट बढ़ाने का प्रयास कर रहा है, तो यह पर्याप्त ऊर्जा नहीं प्रदान कर पाता है और ऐसे लोगों को ज्यादा कैलोरी वाले ऑप्शनल लेना चाहिए।



Uttarpradesh

# तेज धमाका और जलने लगीं बसें और कारें... यमुना एक्सप्रेस-वे पर जिंदा जल गए छह लोग

**मथुरा, (एजेंसी)** यमुना एक्सप्रेस-वे पर मथुरा जिले के अंतर्गत मंगलवार को भीषण हादसा हो गाया। घने कोहरे में सात बसें और तीन कारें आपस में टकरा गईं। इसके बाद मौके पर ही अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाते ही इलाके की पुलिस और जिला प्रशासन मौके पर पहुंच गया। अभी तक जानकारी के अनुसार छह लोगों के मरने की सूचना है। 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। काफी संख्या में यात्री परेशान हैं। मौके पर पहुंजी फायरबिग्रेड ने आग पर काबू पाया। डीएम, एसएसपी समेत सीओ और एसडीएम भी मौके पर पहुंच गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।



एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, पहले एक दुर्घटना हुई, जिसके बाद तीन से छह बसों में आग लग गई। हादसे के समय बसें पूरी तरह भरी हुई थीं और सभी सीटों पर यात्री मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वह हादसे के वक्त सो रहा था। अचानक जोरदार आवाज के साथ आग फैल गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

हादसे पर एसएसपी मथुरा श्लोक कुमार ने बताया कि सात बसें और तीन कारें आपस में टकरा गईं, जिससे सभी वाहनों में आग लग गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहत एवं बचाव कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब तक छह लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 40 से अधिक घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है।

Uttarpradesh

## सिद्धू मूसेवाला का बदले लेने को कबड्डी प्लेयर का कत्ल

**मोहाली, (एजेंसी)** मोहाली के गांव सोहाना में कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान प्रमोटर व खिलाड़ी दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बलाचौरिया की सिर में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। पंजाब के कुख्यात बंबीहा गैंग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि सिद्धू मूसेवाला की हत्या का बदला लेने के लिए यह मर्डर किया गया है। राणा बलाचौरिया मूलरूप से वह पंजाब के बलाचौर के रहने वाले थे, लेकिन कुछ समय से मोहाली में ही रह रहे थे। दस दिन पहले ही उनकी शादी हुई थी। आज उनके शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

सोमवार शाम को सोहाना में सेक्टर-82 के मैदान में कबड्डी टूर्नामेंट चल रहा था। राणा बलाचौरिया जालंधर के शकरपुर की टीम के मैनेजर थे। वह टूर्नामेंट में दो टीमें लेकर आए थे। वह ग्राउंड में सेमीफाइनल मैच की टाई डलवाने के बाद बाहर आ रहे थे। इसी दौरान हमलावर ने उनके साथ सेल्फी लेने के बहाने नजदीक आए और सिर में गोलियां मार दीं। हमलावर 3 से 4 थे। हमले के बाद बाइक से कुछ लोगों को फरार होते देखा गया वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि हमलावर बोलेरो गाड़ी से आए थे।

New Delhi

## दिल्ली में सांसों पर संकट बरकरार, कई इलाकों में 400 के पार दर्ज किया गया एक्यूआई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर में दमघोंटू हवा से परेशानी को कोहरे और ठंड ने और बढ़ा दिया है। मंगलवार सुबह की धुंध और कोहरा दिखाई दिया। वहीं, स्मॉग की मोटी चादर भी दिखाई दी। इस कारण कई इलाकों में दृश्यता भी बेहद कम रही। वहीं, एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, मंगलवार सुबह राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 381 दर्ज किया गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सुबह सात बजे को आंकड़ों के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 377, आनंद विहार में एक्यूआई 406, अशोक विहार में 410, आया नगर में 339, बवाना में 403, बुराड़ी में 376, चांदनी चौक इलाके में 438 एक्यूआई दर्ज किया गया है।



वहीं, डीटीयू में 425, द्वारका सेक्टर 8 में 391, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 323, आईटीओ में 402, जहांगीरपुरी में 426, लोधी रोड 341, मुंडका 426, नजफगढ़ में 348, पंजाबी बाग में 405, रोहिणी 356, विवेक विहार 411, सोनिया विहार 393, आरकेपुरम 397, वजीरपुर में 426 दर्ज किया गया है।

Uttarpradesh

वृंदावन बांके बिहारी मंदिर

## हलवाई को नहीं मिली सैलरी तो नहीं बना ठाकुर जी का भोग, सालों से चली आ रही परंपरा टूटी



**मथुरा, (एजेंसी)** वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में पहली बार ठाकुर जी को बाल और शयन भोग नहीं लगा। हलवाई को भुगतान न होने के कारण भोग तैयार नहीं किया गया और कई सालों से चली आ रही भोग लगाने की परंपरा टूट गई। इसे लेकर मंदिर के गोस्वामियों में आक्रोश है. वहीं हाई पावर कमेटी अपना पल्ला झाड़ने में लगी है. वृंदावन के श्री ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में हर रोज लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से आते हैं. सोमवार को ठाकुर जी बिना भोग के ही भक्तों को दर्शन दिए. ठाकुर जी के लिए सुबह बाल भोग और शाम को शयन भोग दिया जाता है. लेकिन आज दोनों ही भोग ठाकुर जी को नहीं लगा. श्री ठाकुर बांके बिहारी मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हाई पावर कमेटी का गठन किया है. उसी के अंतर्गत ठाकुर जी के लिए प्रसाद और भोग की सामग्री तैयार करने के लिए हलवाई नियुक्त किया गया है. प्रतिमाह हलवाई को अस्सी हजार रुपये वेतन दिया जाता है, लेकिन कुछ महीनों से हलवाई को वेतन नहीं दिया जा रहा था. जिसके कारण हलवाई ने ठाकुर जी के लिए बाल भोग और शयन भोग तैयार नहीं किया. मंदिर के गोस्वामी ने बताया, श्री ठाकुर बांके बिहारी का भोग तैयार करने की जिम्मेदारी मयंक गुप्ता नाम के व्यक्ति के पास है.

खेल

# शेफाली बनीं नवंबर की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी, इस पारी के लिए सम्मान

**दुबई, (एजेंसी)** क्रिकेट में कुछ पारियां ऐसी होती हैं, जो सिर्फ स्कोरकार्ड तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि इतिहास बन जाती हैं। शेफाली वर्मा की वर्ल्ड कप फाइनल पारी भी कुछ ऐसी ही रही। आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा को नवंबर 2025 के लिए आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में शेफाली ने बल्ले और गेंद दोनों से मैच की तस्वीर बदल दी और भारत के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए टीम को पहला ICC महिला वर्ल्ड कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

खिताबी मुकाबले में शेफाली वर्मा ने पारी की शुरुआत करते हुए 87 रनों की शानदार पारी खेली। यह न सिर्फ उनका वनडे करियर का सर्वोच्च स्कोर रहा,




बल्कि तीन साल से ज्यादा समय बाद आया पहला अर्धशतक भी था। शेफाली ने स्मृति मंधाना के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी की, जिसने भारत को मजबूत नींव दी। दबाव के सबसे बड़े मंच पर शेफाली का यह संयमित लेकिन आक्रामक प्रदर्शन भारत के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

शेफाली ने सिर्फ बल्लेबाजी से ही नहीं, बल्कि गेंदबाजी से भी अपनी उपयोगिता साबित की। उन्होंने 7 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट झटके और दक्षिण अफ्रीका की मजबूत बल्लेबाजी को झकझोर दिया। उनका शिकार बनीं अनुभवी बल्लेबाज सुने लूस और मरिज़ाने कैप, जिससे प्रोटियाज टीम दबाव में आ गई। कप्तान हरमनप्रीत कौर का शेफाली को गेंद थमाने का फैसला पूरी तरह सही साबित हुआ और भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 246 रनों पर समेट दिया।

वर्ल्ड कप जीतने वाली शेफाली की कहानी आसान नहीं रही। उन्हें शुरुआत में मूल टीम में जगह नहीं मिली थी, फिर यास्तिका भाटिया के रिप्लेसमेंट के तौर पर भी नजरअंदाज कर दिया गया, लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ प्रतिका रावल की चोट ने शेफाली को मौका दिया। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ 10 रन बनाने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दिखाया। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराया, और शेफाली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आईसीसी से सम्मान मिलने के बाद शेफाली ने कहा, 'मेरा पहला महिला वर्ल्ड कप जैसा मैंने सोचा था वैसा नहीं रहा, लेकिन इसका अंत मेरी उम्मीदों से कहीं ज्यादा खूबसूरत रहा। मैं आभारी हूं कि फाइनल में टीम के लिए योगदान दे सकी और घरेलू दर्शकों के सामने इतिहास का हिस्सा बनी।' उन्होंने आगे कहा, 'इस अवार्ड को मैं अपनी टीम, कोच, परिवार और हर उस व्यक्ति को समर्पित करती हूं, जिसने मेरे सफर में मेरा साथ दिया।

सिनेमा

## 'तारक मेहता' के अब्दुल के पास 7 साल तक नहीं था काम, बयां किया बेरोजगारी का दर्द, बोले- संघर्ष किया...



सब टीवी का सबसे आइकॉनिक शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' हर कोई देखना पसंद करता है. इसमें ऐसे कई सारे किरदार हैं जो पल-पल हम सभी को हंसाते रहते हैं. शो में सोड़ा शॉप चलाने वाले अब्दुल यानी एक्टर शरद संकला को भी हर कोई जानता है. मगर बहुत कम ऐसे लोग हैं जो उनके स्ट्रगल से वाकिफ हैं. शरद संकला 'तारक मेहता' शो से पहले बॉलीवुड की कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं. उन्होंने शाहरुख खान के साथ भी 'बादशाह' फिल्म में काम किया है. उन्हें फिल्मों में छोटे रोल्स करते कई बार देखा गया. मगर शरद की जिंदगी में एक समय ऐसा भी आया, जब 7 सालों तक उनके पास कोई काम नहीं था. हाल ही में जूम संग बातचीत में शरद ने 'तारक मेहता' शो से पहले के अपने स्ट्रगल को याद किया है. उन्होंने कहा, 'बेरोजगारी ने काम के प्रति मेरा नजरिया बदल दिया. मुझे काम की अहमियत मालूम हुई. मैं भगवान से दुआ करता हूं कि किसी की जिंदगी में ऐसा दौर ना आए. जिंदगी में हर किसी को अच्छे-बुरे दिन देखने पड़ते हैं. सभी नए-नए एक्टर्स से कहना चाहता हूं कि आपके जीवन में ऐसे दिन जरूर आएं, क्योंकि ये दिन आपको काम की कीमत सिखाते हैं.'

## Highlights

1. **Unemployment rate falls to 8-month low of 4.7% in November**
2. **BJP appoints Piyush Goyal, Baijayant Panda in-charge for TN, Assam polls**
3. **Pakistani drone captured by India during Op Sindoor displayed by Army**
4. **Parents protest over worm-infested midday meals in Karnataka**
5. **Messi was scratched by pen in Kolkata, he wanted to leave: Report**

# INR-USD | Rupee slides to fresh all-time low of 90.82/Dollar in absence of India-US trade deal



**NEW DELHI, (Agency).** The Indian Rupee slipped to an all-time low for the fourth consecutive session on Tuesday, as an India-US trade deal remained elusive.

The rupee slipped to an all-time low of 90.82, eclipsing its previous record low of 90.7875 hit on Monday, due to dollar bids spurred by the likely maturity of positions in the non-deliverable forwards market and persistent FII outflows.

The rupee is Asia's worst performing currency this year, declining as much as 6% against the US dollar, as steep US tariffs weighed on Indian exports. India is the only major economy without a trade deal with the US.

Rupee impact on India's stock market

Such has been the rupee slide that it's now threatening the nascent recovery of India's $5.2 trillion stock market.

The benchmark NSE Nifty 50 Index retreated about 1.7% from near an all-time high in November, before recovering some losses. In December alone, global funds have withdrawn $1.6 billion from local equities, reversing $1.3 billion of inflows over the prior two months. They also pulled money from local debt.

Clearly, the steepest US tariffs in Asia have weighed on sentiment as traders await a India-US trade deal.

“Foreign investors have continued to pare exposure to Indian equities and debt, resulting in steady dollar outflows,” Akshat Garg, head of research at Choice Wealth, told Bloomberg News.

# HDFC Bank gets RBI approval to acquire up to 9.5% stake in IndusInd Bank

**NEW DELHI, (Agency).** The Reserve Bank of India has allowed HDFC Bank Ltd. to acquire up to 9.50% stake in IndusInd Bank Ltd., in the aftermath of a scandal that eroded the top line of the smaller private lender.




HDFC Bank has to acquire a major shareholding in IndusInd Bank within a year of approval on 15 December, failing which it will be cancelled, India's largest private bank said in a late-night exchange filing on Monday. The acquisition can be done at the group level, meaning HDFC Mutual Fund, HDFC Life Insurance, HDFC Pension Fund can pick up stakes in IndusInd Bank.

IndusInd reported its largest-ever quarterly loss in the three months ended 31 March 2025, following a $230-million scandal that involved its former CEO Sumant Kathpalia and Deputy CEO Arun Khurana earlier this year. The bank's board has faced criticism from investors over shortfalls in oversight and delays in disclosing the accounting lapses in its derivative portfolio, which led to a hit to the bank's accounts.

IndusInd is now in the process to raise up to $3.47 billion and allow promoters to nominate two board directors, indicating that it's on the path to a recovery from the scandal.

Confidential Investigation & All type of Detective Services

DETECTIVE GROUP ®

+91-91110 50101

- ★ Spousal (or) Pre-Matrimonial check
- ★ Post-Marital Check
- ★ Individual Character (Personal Cases)
- ★ Missing Persons Investigation
- ★ Financial Services Industry
- ★ Background Investigation
- ★ Attomeys& Legal Services
- ★ Investigation (Audio / Video)
- ★ Bussiness Partners, Bussiness & Corporate
- ★ Real Estate Fraud Investigation
- ★ Corporate & Financial Investigation Services
- ★ Spousal (or) Matrimonial Affair During Divorce of Spouse
- ★ Human Resource Professionals Investigation / Shadowing
- ★ Individual Clients Missing / Kidnapped
- ★ Background Investigation
- ★ Criminal Record Check
- ★ Cyber Fraud Investigation
- ★ Forensic Investigation & Documents, Handwriting Check

पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता

www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक